# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 05.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस लाइन बांदा में भक्ति एवं उल्लास के बीच भव्य रूप से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों एवं पुलिस परिवार के मंगल की कामना की।**
- **बच्चों एवं बालिकाओं की मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा; प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागी बालिकाओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।**

**विवरण-** पुलिस लाइन बांदा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य एवं गरिमामय धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा, भक्तिभाव एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में सहभागिता की। कार्यक्रम में जनपद व परिक्षेत्र के अधिकारीगण श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0, जिलाधिकारी बांदा श्री अमित आसेरी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश बांदा  श्रीमति अल्पना, पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण माननीय सदर विधायक श्री प्रकाश द्विवेदी एवं अन्य संभ्रांत नागरिकगण द्वारा भी कार्यक्रम में सहभागिता की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा-अर्चना एवं कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए उपस्थित पुलिस परिवार को शुभकामनाएं दीं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पुलिस लाइन परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने तालियों के साथ प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं की प्रतिभा, उत्साह एवं शानदार प्रदर्शन की उपस्थित अतिथियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। प्रतिभागी बालिकाओं को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए उपस्थित अतिथियों एवं पुलिस परिवार के सदस्यों द्वारा आयोजन से जुड़े पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की गई। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा, पारिवारिक सौहार्द एवं पुलिस परिवार की प्रतिभाओं के सुंदर समागम के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।